पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 08-04-2024

विषय:- अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के नेतृत्व में थाना जैतपुरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 08.04.2024 को नक्खीघाट रेलवे क्रासिंग के समीप एक व्यक्ति मुख्तार अहमद पुत्र स्व0 अब्दुल करीम निवासी 5-9/367, पाण्डेयपुर, नई बस्ती, थाना लालपुर पाण्डेयपुर, जनपद वाराणसी उम्र 45 वर्ष को 510 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री के कुल रूपए 650 सहित गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना जैतपुरा पर मु0अ0सं0- 68/2024, धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण:- दिनांक- 08/04/2024 को थाना जैतपुरा पुलिस को मुखबीर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि नक्खीघाट रेलवे क्रासिंग से सिटी स्टेशन की तरफ जाने वाले रास्ते पर रेलवे बाउण्ड्री के किनारे एक व्यक्ति खडा है, जो रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को पुड़िया में कोई सामान बेच रहा है, शंका है कि वह व्यक्ति गांजे की पुडिया बेच रहा है। मुखबिर खास की सूचना पर थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम मुख्तार अहमद पुत्र स्व0 अब्दुल करीम निवासी 5-9/367, पाण्डेयपुर, नई बस्ती, थाना लालपुर पाण्डेयपुर, जनपद वाराणसी उम्र 45 वर्ष बताया। पकड़े गये व्यक्ति के कब्जे से कुल 85 पुड़िया नाजायज गाँजा (वजन कुल 510 ग्राम) व बिक्री के कुल रूपए 650 बरामद हुआ।

विवरण पूछताछ:- पकड़े हुए व्यक्ति से नाम पता सहित उक्त स्थान पर खड़े होने का कारण पूछने पर अपना नाम मुख्तार अहमद पुत्र स्व0 अब्दुल करीम निवासी 5-9/367, पाण्डेयपुर, नई बस्ती, थाना लालपुर पाण्डेयपुर, जनपद वाराणसी उम्र 45 वर्ष बताया। उक्त स्थान पर खड़े होने का कारण पूछने पर बता रहा है कि साहब मेरे हाथ में जो झोला है इसमें गाँजा की पुड़िया रखी हैं, जिसको मैं चोरी छुपे बेच लेता हूं। आज भी मैं गांजे की पुड़िया यहां पर बेच रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- मुख्तार अहमद पुत्र स्व0 अब्दुल करीम निवासी 5-9/367, पाण्डेयपुर, नई बस्ती, थाना लालपुर पाण्डेयपुर, जनपद वाराणसी उम्र 45 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- कुल 85 पुड़िया नाजायज गाँजा (वजन कुल 510 ग्राम) व बिक्री के कुल रूपए 650

आपराधिक इतिहास- मु0अ0सं0- 68/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना जैतपुरा वाराणसी।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- स्थान- नक्खीघाट रेलवे क्रासिंग के समीप थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी दिनांक 08.04.2024,

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री बृजेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 जितेन्द्र यादव थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 सौरभ सिंह थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
4. का0 राजेश कुमार थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।
5. का0 आलोक कुमार थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।